Postal Registration No. CHD/0107/2024-2026 Posted at MBU Chandigarh RNI No. CHABIL/2000/3469

हिन्दी/अंग्रेजी मासिक पत्रिका

दीन बन्धु सर छोटूराम

# जाट लहर

जाट सभा, चण्डीगढ़ के सौजन्य से प्रकाशित

वर्ष 25 अंक 4 30 अप्रैल, 2025 मूल्य 5 रुपये

प्रधान की कलम से

## FARMERS' PROBLEMS AND SOLUTIONS

डा. महेन्द्र सिंह मलिक

Farmers are facing grim situation across the country from the very beginning and are compelled to live a miserable life due to constant apathy towards farming community and non-existence of a reasonable profit oriented government agriculture policy. It is a matter of record and facts that more than 670 farmers sacrificed their lives during massive farmers' agitation in the year 2020-21 concentrated in and around areas of National capital. In addition, 32 youths were killed by security forces at point blank range by constantly spraying bullets without any valid orders and there has been no legal enquiry under provision of Criminal Procedure Code, 1973 and payment of adequate compensation/employment to the diseased youths/dependents of the diseased farmers. Rather, more than 100 youths are facing criminal trial on framed up charges/baseless allegations for the last five years and they have no adequate means even to pay their bus fare etc. for attending courts.

Similarly, police resorted to indiscriminate firing at Sambhu Border (Punjab) and sprayed rubber bullets through drone on farmers on 21st February, 2024 while they were trying to go to Delhi for submission of memorandum of demands to Government of India, New Delhi. A young farmer Subhkaran Singh just 22 years old was killed in firing and several others sustained serious injuries including loss of eye sight due to rubber bullets. Surprisingly, the State government recommended two names of state police officers for award of gallantry medals for such a reckless handling of the grave situation instead of ordering for a judicial enquiry/fair probe against excessive use of police force. Recently the long lasted farmers' agitation in support of their genuine demands for more than 13 months at Sambhu and Khanouri borders in Punjab was removed by forcible use of police force without giving any prior information/warning. S. Jagjit Singh Dalewal, an eminent farmer veteran leader who was on hunger strike for more than three months on dharna site was forcibly arrested by the police along with other agitating farmers' leaders on 19th March, 2025. Essential household items of worth of lakhs in temporary structure i.e. refrigerators, electric fans, mats/beds, kitchen items etc. and tractors, trolleys of farmers were destroyed/damaged at the protest site in the forcible police action. Hence, it is suggested that Central and State Governments should take concrete steps to assuage the heart feelings of farmers before taking further steps on Agrarian Reforms. However, the main problems of farmers are as under:-

i. Grim shortage of irrigation water.
ii. Poor functioning of drinking water supply schemes.
iii. Farmers' welfare in health, educational, social and cultural sectors need to be taken care of by framing permanent feasible schemes.
iv. Failing cattle wealth.
v. Non Implementation of M. S. P.
vi. Decreasing Land Holdings.
vii. Mismanagement of Farm Residue.
viii. Scheme on internet Portals such as Meri Fasal Mera Beora, E-Kharid, Krishi Gyan & Kisan Savidha make less educated farmers more dependant and at a mercy of touts.

### 1. Grim Shortage of Irrigation Water:

Haryana, Punjab, Rajasthan and other States are facing acute shortage of irrigation water and farmers are facing insurmountable difficulties for irrigating the crops during the dry periods. Water

शेष पेज–2 पर

शेष पेज–1

level has decreased considerably and in some areas drinking water is saline which is neither fit for crops nor for human consumption.

A. The States and Central government need to build storage dams across big rivers.

B. Because of rapid expansion of cities and towns, a lion's share of irrigation water is consumed by urban water supply schemes. It also results into filthy sewerage flow which is neither treated nor recycled for irrigation.

C. One significant issue is climate change which has led to unpredictable weather patterns, affecting crop yields. Unseasonal rains, droughts and extreme temperature also damage crops leading to financial losses.

D. Another problem is the lack of access to modern technology and quality inputs like seeds and fertilizers which hampers productivity. Many farmers also struggle with inadequate irrigation facilities relying heavily on Monsoon rains which are becoming increasingly erratic.

**2. Failing Cattle Wealth:**

Almost 60 percent families have stopped rearing milking cattle. They purchase the packed milk from dairies. Farmers have resorted to this practice because the milking animals have started having late pregnancy problems and poor lactation period. The quality of pond water is also very poor. Basic cause is that the grazing fields are no longer available and the animals remain tethered the whole day leading to development of poor body metabolism. There are many more problems faced by farming community like water logging, solid waste accumulation etc.

**3. Non-Implementation of M. S. P.**

Minimum Support Price (M.S.P.) is not implemented so far in-spite of everlasting demand and long struggle of farmers. The provision of MSP on all farm products including complete agriculture crop cost plus 50% profit thereon was recommended in Dr. Swami Nathan report in the year 2006, but it still remains pending. Moreover, there was no tax on agriculture inputs/implements since 1973, but now all agriculture inputs are included in the tax range. The tax on such items is increased 3-4 times viz-a-viz prices of agriculture process. Further, there is no prescribed system of fixing/ increasing prices of farm produce to improve the farming sector. A2 (Agriculture Input) +FL (farmer's labour) +C2 (consumable items) +50% profit have never been included in MSP. Due to lack of MSP and ever-increasing production cost, farmers are compelled to commit suicide and the entire farming community across the Nation is struggling with a suicide epidemic. According to NCRB report more than 4 lakh farmers and farm workers have committed suicides since 1995.

In Punjab a total of 16606 farmers and farm workers committed suicides during 15 years between 2000 and 2005. As per NABARD-2023 survey, institutional debt of farmers in Punjab was 73673 crores, while in Haryana it was even higher at Rs. 76630 crores. Moreover, as per study carried out by Punjabi University Patiala, Punjab women agriculturists/ labours are also facing acute agrarian distress as 60% of rural women are under debt and 53% of them face violence. Average amount of loans runs from Rs. 3.80 lakh to 4.91 lakh per family on rural households.

It is unfortunate that industrial loans worth Rs. 10000 crores have been waived off and remaining are under process, whereas there is no provision for waving off loans/debts of farmers. In corona epidemic, income of corporate sectors and big industrialists increased 500 times and farm labours almost faced a starving situation due to mismanagement from government agencies and even farmers' crops could not be procured due to lack of manual labours. Hence, legal guarantee for MSP should be ensured and agriculture implements should be free from GST.

**4. Decreasing Land Holdings**:

Average land holding has been reduced to 1.5 hectare which is not at all profiteering for farmers. In this regard solution lies in cooperative farming. The system of cooperative faming has neither been introduced nor it has been accepted by farmers due to constant negligence of agriculture sector by the Government. Apart from this, there is a major drawback in “Pradhan Mantri Fasal Beema Yojna” which is not quite fit for farmers’ interest. In this scheme, contributions are individual whereas area/village is taken as unit for compensation. At the same time, benefits for no claim bonus should be given in this scheme like that of other insurance policies i.e. vehicle and life insurance. Further, crop diversification as well as organic farming can also help in enhancing farmers’ income as there is no speedy increase in prices of conventional crops like wheat, paddy, sugarcane etc., whereas vegetables, fruits, pulses, seeds, spices, etc. have seen at price rise many a times. Green houses for small farmers and unemployed youths can prove more productive and profiteering. These days unemployment amongst rural youths and dependents of farmers is emerging more and more problematic. The principle of value addition on farmers’ produce should also be adopted so as to enhance income and help to small/BPL farmers.

**5. Mismanagement of Crop Residue**:

In the current kharif season and upcoming season of rabi crops, farmers are facing acute problem due to mismanagement of crop residue on part of Government machinery. Due to burning of paddy residue (Parali) farmers are fined with heavy penalty and criminal cases are registered against farmers and red entry is made in revenue record of farmers on charges of spreading of pollution. Complete management regarding disposal off crop residue from farmers’ fields should be done by the state government itself with full payment of cost/compensation of the crop.

In addition, the major issues such as measures to revitalize the agriculture, examining the systematic and fundamental reasons for increasing indebtedness which is aggravating the agrarian crisis, farmers’ distress and the causes behind growing unrest amongst the farmers should also be considered/examined thoroughly.

i. Pradhan Mantri Kisan Samridhi Yojna: In this scheme limit of 5 acres of land should to increased to 10 acres and amount should also be increased from Rs. 2000 to 12000/ - Per Annam, to be paid on monthly basis.

ii. Special agriculture zones like that of SEZ should be established followed by agriculture survey, agriculture research and advance techniques/education to the farmers.

iii. Green Housing (NET Scheme): There is long waiting for NET Scheme and therefore waiting period should be curtailed.

iv. Centre and state governments should provide access to modern technology and must ensure fair market price as per the criteria laid down by Dr. Swami Nathan. Similarly, proper crop insurance with a provision for no claim bonus inclusive of subsidy etc. can go a long way in improving farmers’ condition across the country.

At the same time, there is overall need for improving quality culture of all entire agriculture produces so as to meet the requirements of World Trade Organization. It can only be through agriculture surveys and researches in different regions of the Nation.

This paper was submitted before Experts Committee on Agrarian Reforms constituted by Hon’ble Supreme Court of India and headed by Hon’ble Punjab & Haryana High Court and read out on 29th November, 2024 at PWD Rest House, Panchkula (Haryana) and also published in Daily World newspaper on 13th December, 2024.

**Dr M S Malik, IPS (Rtd.)**
Former DGP, Haryana
President, Jat Sabha Chandigarh,
Panchkula & Chairman, Ch. Chhotu
Ram Sewa Sadan, Katra (Jammu)

# भक्त शिरोमणि 'धन्ना जाट' का जीवन परिचय

– जयपाल सिंह पूनियां, एम.ए.इतिहास
एच.एफ.एस (सेवानिवृत)
(मो० 9466110050)

धन्ना भक्त की जन्मस्थली राजस्थान के जयपुर जिले में फागी तहसील के चौरू गाँव में वैशाख बदी तृतीया संवत् 1472 (1415 ईस्वी) में हरितवाल गोत्र के जाट परिवार में हुआ। धन्ना भक्त के पिता का नाम रामेश्वर जाट गोत्र हरितवाल व माता का नाम गंगा बाई, गोत्र गढ़वाल है। बचपन में ही धन्ना भक्त के पिता चौरू (फागी) को छोड़कर अभयनगर जाकर रहने लगे जिससे वर्तमान में धन्ना भक्त की कर्मस्थली धुआँ कला जिला टोंक (राजस्थान) के नाम से जाना जाता है। धन्ना भक्त के माता पिता कृषि और पशु पालन करके अपना जीवनयापन करते थे। परिवार बहुत निर्धन था जैसे ही धन्ना भक्त बड़े हुए तो उन्हे भी किसानी व पशुपालन मे लगा दिया गया। धन्ना भक्त रोज पशु चराने के साथ–साथ खेतीबाड़ी का भी काम करते थे।

जयपुर जिले के चौरू (फागी) गाँव के बाहर ही कच्चे तालाब के किनारे एक ठाकुरद्वारा था। जिसमें बहुत सारी भगवान की मूर्तियाँ रखी हुई थी। लोग प्रतिदिन वहाँ आकर माथा टेकते व भेंट अर्पण करते, धन्ना भक्त पंडित को भगवान की पूजा करते, स्नान करवाते व घंटियाँ खड़काते रोज देखते थे। किशोरावस्था होने के कारण वह समझ नहीं पाते। एक दिन उसके मन में आया और पंडित जी से पूछ ही लिया कि आप मूर्तियों के आगे बैठकर आप क्या करते हो ? पंडित ने कहा भगवान की सेवा करते हैं जिससे कि मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं धन्ना भक्त ने कहा, यह भगवान मुझे भी दे दो उससे छुटकारा पाने के लिए पंडित ने कपड़े में पत्थर लपेटकर धन्ना को दे दिया।

घर जाकर धन्ना भक्त ने पत्थर को भगवान समझकर स्नान कराया और भोग लगाने के लिए कहने लगे। उन्होनें भगवान के आगे बहुत मिन्नते की, धन्ना भक्त ने कसम खाई कि यदि भगवान जी आप नहीं खायेंगे तो मैं भी भूखा ही रहूंगा उसका यह प्रण, त्याग और समर्पण देखकर प्रभु प्रगट हुए तथा रोटी खाई व लस्सी पी, इस प्रकार धन्ना भक्त ने अपने भोलेपन में पूजा करने और साफ मन से पत्थर में भी भगवान को पा लिया।

जब धन्ना भक्त को लगने लगा कि उसके माता–पिता बूढ़े हो चुके है और वह अकेला नवयुवक था। उसे ख्याल आया कि भगवान को पूजा से खुश करके यदि सब कुछ हासिल किया जा सकता है तो उसे अवश्य ही यह करना होगा जिससे घर की गरीबी चली जाए तथा सुख की साँस आए ऐसा सोच कर ही वह पंडित के पास गये। पंडित ने पहले भगवान की मूर्ति देने से मना कर दिया कि जाट को पूजा पाठ का ज्यादा ज्ञान नहीं होता कि वह भगवान की पूजा कर सके, दूसरा तुम अनपढ़ हो, तीसरा भगवान जी मन्दिर के बिना कही नहीं रहते और न ही प्रसन्न होते इसलिए तुम जिद्द मत करो और खेतों की संभाल करो। ब्राह्मण का धर्म है पूजा पाठ करना जाट का कार्य है खेती किसानी व अनाज पैदा कर सबका पेट भरना लेकिन धन्ना टस से मस न हुआ। धन्ना भक्त की कद–काठी व लम्बा चौड़ा शरीर देख कर पंडित जी में भय व्याप्त हो गया। इस कारण पंडित ने जो सालगराम मन्दिर में फालतू रखा था उसे उठाकर धन्ना भक्त को दे दिया और पूजा–पाठ की विधि भी बता दी। पूरी रात धन्ना भक्त को नींद नहीं आई, वह पूरी रात सोचता रहा कि भगवान को कैसे प्रसन्न करेगा और उनसे क्या माँगेगा ? सुबह उठकर अपने नहाने के बाद भगवान को स्नान कराया। भक्ति भाव से बैठकर लस्सी, खिचड़ी व रोटी पकाई। उसने प्रार्थना की, हे प्रभु ! भोग खाओं। मुझ गरीब के पास रोटी, खिचड़ी और मक्खन ही है और कुछ नहीं। जब और चीजे दोगे तब आपके आगे रख दूँगा। वह बैठा–बैठा भगवान जी को देखता रहा। अब पत्थर भोजन कैसे करे ? पंडित तो भोग का बहाना लगाकर सारी सामग्री घर ले जाता था पर भोले बालक धन्ना भक्त को इस बात का कहाँ ज्ञान था। वह व्याकुल होकर कहने लगा कि क्या आप जाट का प्रसाद नहीं खाते ? दादा तो इतनी देर नहीं लगाते थे। यदि आज आपने प्रसाद न खाया तो मैं मर जाऊंगा लेकिन आपके बगैर नहीं खाऊंगा। प्रभु जानते थे कि यह मेरा निर्मल भक्त है। छल–कपट नहीं जानता। अब तो प्रगट होना ही पड़ेगा। एक घंटा और बीतने के बाद धन्ना भक्त देखता है कि श्री कृष्ण रूप भगवान जी रोटी मक्खन के साथ खा रहे हैं और लस्सी पी रहें हैं। भोजन खा कर प्रभु बोले धन्ना जो इच्छा है मांग लो मैं तुम पर

प्रसन्न हूँ। धन्ना भक्त ने हाथ जोड़कर विनती की भगवान जो तुम्हारी भक्ति करते हैं तू उनके कार्य संवार देते हो मुझे गेंहू, दाल व घी दीजिए। यदि जूता, कपड़े, सात प्रकार के अनाज, गाय या भैंस, सवारी करने के लिए घोड़ी तथा घर की देखभाल करने के लिए सुन्दर नारी मुझे दे दो।

धन्ना भक्त के यह वचन सुनकर प्रभु हँस पड़े और बोले यह सब वस्तुएं तुम्हें मिल जाएँगी।

प्रभु बोले – और कुछ ?

धन्ना भक्त बोले –प्रभु ! मैं जब भी आपको याद करूं आप दर्शन दीजिए, यदि कोई जरुरत हुई तो फिर बताऊंगा।

भगवान ने उत्तर दिया – तथास्तु !

हे प्रभु ! धन्ना आज से आपका आजीवन सेवक हुआ। आपके अलावा किसी अन्य का नाम नहीं लूँगा। धन्ना भक्त खुशी से प्रफुल्लित हो गया। उसको नींद आ गई और जब आँखें खुली तो प्रभु वहाँ नहीं थे। वह पत्थर का सालगराम वहाँ पड़ा था। उसने बर्तन में बचा हुआ प्रसाद खाया जिससे उसे तीनों लोको का ज्ञान हो गया।

प्रभु के दर्शनों के कुछ दिन पश्चात् धन्ना भक्त के घर सारी खुशियाँ आ गई। एक अच्छे अमीर घर में उसका विवाह हो गया, उसकी बिना बोई भूमि पर भी फसल लहलहा गई। उन्होने जो–जो प्रभु से माँगा था उन्हे सब मिल गया।

किसी ने धन्ना भक्त को कहा चाहे प्रभु तुम पर प्रसन्न हैं फिर भी तुम्हे गुरु धारण करना चाहिए। उसने स्वामी रामानंद जी का नाम बताया। एक दिन अचानक ही स्वामी रामानंद जी उधर से निकले। धन्ना भक्त ने दिल से उनकी खूब सेवा की तथा दीक्षा की मांग की। स्वामी रामानंद जी ने उनकी विनती स्वीकार कर ली और दीक्षा देकर धन्ना भक्त को अपना शिष्य बना लिया। धन्ना भक्त राम नाम का सिमरन करने लगा। धन्ना भक्त कई बार जब दुःखी और परेशान होता तो भगवान को अपने पास बुला लेता और उनसे अपने दुःख–दर्द साझा करता और भगवान धन्ना भक्त के सारे दुःख–दर्द दूर कर देते थे।

इतिहास में धन्ना भक्त को भक्त शिरोमणी धन्ना जाट के नाम से जाना जाने लगा।

# चौधरीसेठछाज्जूराम लाम्बा को उनकी जयंती पर समस्त जाट समाज की और से शत शत नमन

– बी.एस. गिल, सचिव
जाट सभा (मो० 9888004417)

चौधरी सेठ छाज्जूराम लाम्बा नही होते तो
हमारे बीच चौधरी सर छोटूराम जी जैसा विरला ना होता।

भूमिका

कुछ लोग इतिहास लिखते हैं, कुछ इतिहास बनाते हैं और कुछ लोग स्वंय इतिहास बन जाते हैं। समय का चक्र हमेशा अविरल गति से घूमता रहता है। युग बदलते हैं, तारीखें बदलती हैं और इसके साथ ही बदल जाता है मानव का दृष्टिकोण। लेकिन कुछ विरले लोग ऐसे भी होते हैं, जो एक युगपुरुष के रूप में याद किये जाते हैं क्योंकि युगों–युगों तक आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा पाती हैं। जो खुले आसमान में किसी आकाशदीप की तरह सदा जगमगाते रहते हैं और पूरे संसार को अपनी आभा से आलोकित करते हैं।

एक ऐसे ही युगपुरुष थे चौधरी सेठ छाजूराम लाम्बा, जिन्हें एक और भामाशाह/क्षत्रियों का भामाशाह कहा जाता है। फर्श से उठकर अर्श तक पहुँचने वाला यह महामानव जहां दानवीरता के क्षेत्र में सूरज–चाँद की तरह जगमगाया, वहीं दुखी मानवता के आँसू पोंछने के लिए इसने अपना सर्वस्व अर्पित करने से भी परहेज नहीं किया।

भामाशाहों के भामाशाह दानवीर सेठ चौधरी छाजूराम

चौधरी छोटूराम के धर्म पिता तुम, उनका फरिश्ता–ए–रोशनाई थे, हरियाणा के तीन लालों की तरह, इसके तीन रामों के रहनुमाई थे। भामाशाहों के भामाशाह दानवीर सेठ छाजूराम, आप गजब शाही थे, जब उदय हो चले अलखपुरा से, जा छाये आसमान–ए–कलकत्ताई थे। जी. डी. बिड़ला, लाला लाजपतराय रहे किरायेदार, जो इन्सां जुनुनाई थे, कलकत्ते के सबसे बड़े शेयरहोल्डर आप, साहूकारों के अगवाही थे। भगत सिंह को मिली पनाह जिनके यहाँ, वो खुदा–ए–रहबराई थे, नेताजी सुभाष को दी आर्थिक सहायता, जर्मनी की राह लगाई थे।।

दानवीरता की टंकार हुई ऐसी कई भामाशाह अकेले में समाईं थे, बाढ़–अकाल–बीमारी–लाचारी–गरीबी में दिए जनता बीच दिखाई थे। लाहौर से कलकत्ता तक, शिक्षा के मंदिरों की दिए लाइन लगाई थे, कौम का इतिहास लिखवाया कानूनगो से, गजब आशिक–ए–कौमाई थे।

तेरे जूनून–ए–इंसानी–भलाई का, यह फुल्ले भगत हुआ दीवाना, वो जज्बा तो बता दे, जो धार दुःख देश–कौम के मिटा पाई रे? सेठों–के–सेठ ओ भारत–देश की शान, किसके दूध की अंगड़ाई थे? जिंदगी राह लग जाए, तुझसे रोशनी ऐसी पाई ओ दादी माई के। 'हरियाणा में तीन लालों की तरह तीन राम भी हुए थे, जिनमें से एक थेरू देश के महान परोपकारी सेठ, शिक्षित, समाज सेवक, दानवीर, देशभक्त चौधरी छाज्जूराम हरियाणा में ही नहीं, बल्कि भारतवर्ष में भी अपनी एक विशेष पहचान रखते है। जहाँ आधुनिक हरियाणा में तीन लाल (देवीलाल, बंसीलाल, भजनलाल) हुए और हरियाणा एवं देश को एक नई राह दिखाईय वहीं एक समय ऐसा भी था जब तीन राम (छाज्जूराम, छोटूराम, नेकीराम) जैसे महान पुरुषों ने समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, वो भी उस समय जब लोगो को कोई भी आशा की किरण दिखाई नहीं दे रही थी या यूँ कह लीजिये कि उनकी आशाओं का सूरज पूरी तरह से अस्त हो चुका था। इस अंधकारमयी समाज में उजाला लाने एवं अंधकार को दूर करने और लोगो में नई तरह की आश जगाने का काम इन तीन महापुरुषों ने किया। और ऐसी भूमिका निभाने वाले इन तीनों में से एक और सबसे अग्रणी थे श्रद्धेय चौधरी सेठ छाजूराम जी। इन्होने जो योगदान समाज में दिया उसी का अमिट योगदान है कि आज हम एक स्वच्छ वातावरण में रह रहे है।

सेठ छाज्जूराम का जन्म 27 नवंबर 1865 (अधिकतर जगह 1861 लिखा हुआ है, जबकि हमारे विश्वसनीय शोधकर्ता 1865 बताते हैं) को आधुनिक जिला भिवानी, तहसील बवानीखेड़ा के अलखपुरा गाँव में लाम्बा गोत्र के जाट कुल परिवार में चौधरी सालिगराम जी के यहां हुआ। इनका बचपन अभावों, संघर्षों, और विपत्तियों में व्यतीत हुआ, लेकिन अपनी लगन, परिश्रम और दृढ़ निश्चय से सफलता के शिखर तक पहुंचे। इनके पिता सालिगराम जी एक साधारण किसान थे। चौधरी छाज्जूराम के पूर्वज झुंझनू (राजस्थान) के निकटवर्ती गाँव लाम्बा गोठड़ा से आकर भिवानी जिले के ढाणी माहू गाँव में बस थे। इनके दादा मनीराम ढाणी माहू को छोड़ कर सिरसा जा बसे। लेकिन कुछ दिनों के बाद इनके पिता जी चौधरी सालिगराम अलखपुरा आकर बस गए (याद रहे इस समय गाँव अलखपुरा, हांसी जागीर में आता था और इस समय हांसी जागीर जेम्स स्किनर के बेटे अलेक्जेंडर को दे दी गयी थी। इसी के नाम पर गाँव का नाम अलेक्सपुरा पड़ा, गाँव वालों ने मौखिक रूप में फिर इसको अलखपुरा कहा तो, गाँव का नाम अलखपुरा पड़ा)।

चौधरी का प्रथम विवाह बचपन में सांगवान खाप के हरिया डोहका गाँव में कड़वासरा खंडन की दाखांदेवी के साथ हुआ था। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद ही इनकी पत्नी का हैजे की बीमारी से देहांत हो गया। आपका दूसरा विवाह वर्ष 1890 (कुछ प्रारूपों में यह वर्ष 1900 भी बताया गया है।) में भिवानी जिले के ही बिलावल गाँव में रांगी गोत्र की दाखांदेवी नाम की ही लड़की से हुआ। लेकिन बाद में उनका नाम बदलकर लक्ष्मीदेवी रख दिया गया। माता लक्ष्मी देवी एक नेक, पतिव्रता व संस्कारित स्त्री थी। कालांतर में उन्होंने आठ संतानों को जन्म दिया, जिनमें पांच पुत्र व तीन पुत्रियां हुई, लेकिन चार संतानें बाल्यावस्था में ही ईश्वर को प्यारी हो गई। बड़े बेटे सज्जन कुमार का युवावस्था में ही स्वर्गवास हो गया। अन्य दो बेटे महेंद्र कुमार व प्रद्युमन थे। इनकी बेटी सावित्री देवी थी जो मेरठ निवासी डॉ. नौनिहाल से ब्याही गई थी।

सेठ छाज्जूराम की शिक्षा में बचपन से ही रूचि रही इसी रूचि को लेकर आर्थिक स्थिति अच्छी न रहने के बावजूद भी अपनी प्रारम्भिक शिक्षा (1877) बवानीखेड़ा के स्कूल से प्राप्त की। चौधरी साहब गाँव से ग्यारह किलोमीटर दूर बवानीखेड़ा के प्राइमरी स्कूल में पैदल पढ़ने जाते थे। परन्तु जैसा कि होनहार बिरवान के होत चिकने पात, ऐसे ही आपने रोज की इतना पैदल चलने की चुनौती को पार किया अपितु जब पांचवीं कक्षा का बोर्ड का परिणाम आया तो न केवल अपनी परीक्षा में प्रथम अपितु प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मिडल शिक्षा (1880) भिवानी से पास करने के बाद उन्होंने रेवाड़ी से मैट्रिक की परीक्षा (1882) में पास की। मेधावी छात्र होने के कारण इनको छात्रवृतियां भी मिलती रही लेकिन परिवार की स्तिथि अच्छी न होने के कारण आगे की पढ़ाई न कर पाये।

आपने मैट्रिक संस्कृत, अंग्रेजी, महाजनी, हिंदी, उर्दू और गणित विषयों से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। इस दौरान अपनी पढाई और स्वंय का खर्च चलाने हेतु आप दूसरे बच्चों को ट्यूशन भी देते रहे। धन अभाव के कारण एक बंगाली इंजीनियर एस. अन. रॉय के बच्चों को एक रूपये प्रति माह के हिसाब से ट्यूशन पढ़ाने लग गए। जब रॉय साहब कलकत्ता चले गए तो छाज्जूराम को भी उन्होंने कलकत्ता बुला लिया। पैसे के अभाव में वो कलकत्ता नहीं जा सकते थे, लेकिन फिर भी जैसे–तैसे करके उन्होंने किराये का जुगाड़ किया और कलकत्ता चले गए। उन्होंने वहां भी उसी प्रकार बच्चों को

पढ़ाना शुरू कर दिया। यहाँ पर उनको छः रु० प्रति माह मिलते थे। लेकिन यहां कड़ा संघर्ष यहां आपका इंतजार कर रहा था। नए लोग, नए–नए काम, न रहने का ठिकाना, न खाने का पता। तंग आकर घर वापिस जाने का फैसला किया, लेकिन फिर किराए की समस्या सामने आ गई। व फूट–फूट कर रो पड़े और मन को मारकर मूलरूप से भिवानी निवासी रायबहादुर नरसिंह दास से मुलाकात की तथा घर जाने के लिए किराया उधार माँगा। नरसिंह दास ने उन्हें हौंसला दिया और कलकत्ता में ही रहकर संघर्ष करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि कलकत्ता ऐसा शहर है, जहाँ न जाने कितने ही लोग खाली हाथ आये और अपनी मेहनत और संघर्ष की बदौलत बादशाह बन गए। और इस तरह शुरू हुआ सफर उनको उनके जमाने के देश के सबसे बड़े रहीशों में शामिल हो गया।

अब आपका सम्पर्क मारवाड़ी सेठों से हुआ, जिन्हें अंग्रेजी भाषा का ज्ञान कम था लेकिन छाज्जूराम को अंग्रेजी भाषा का व्यापक ज्ञान था तो आपने पत्र लिखने और भेजने का काम छाज्जूराम ने शुरू कर दिया, जिस पर सेठों ने इनको मेहनताना देना शुरू कर दिया। इसी दौरान देखते ही देखते व्यापारी– पत्र–व्यवहार के कारण इनको व्यापार का ज्ञान हो गया एवं व्यापार सम्बन्धी कुछ गुर भी सीख लिए जिसके कारण उनको इन्हीं गुरो ने महान व्यापारी बना दिया। कुछ समय बाद आपने बारदाना (पुरानी बोरियों) का व्यापार शुरू कर दिया। यही व्यापार उनके लिए वरदान साबित हुआ और उनको 'जूट–किंग' (हेसियन का राजा) बना दिया। धीरे–धीरे कलकत्ता में उन्होंने शेयर भी खरीदने शुरू कर दिए। एक समय आया जब वो कलकत्ता की 24 बड़ी विदेशी कम्पनियो के शेयरहोल्डर थे और कुछ समय बाद 12 कम्पनियो के निदेशक भी बन गए, उस समय इन कम्पनियो से 16 लाख रूपये प्रति माह लाभांश प्राप्त हो रहा था। और सेठ जी उस जमाने के कलकत्ता के सबसे बड़े शेयरहोल्डर थे।

इसीलिए पंजाब नेशनल बैंक ने उनको अपना निदेशक रख लिया लेकिन काम की अधिकता होने के कारण उन्होंने त्याग पत्र दे दिया। एक समय आया जब उनकी सम्पति 40 मिलियन को पार कर गयी थी। एक समय था जब छाज्जूराम के पास एक छतरी को खघ्रीदने के लिए पैसे नहीं थे परन्तु अब उनकी गिनती देश के शिखर के सेठो में की जाने लगी थी। आपने 21 कोठी कलकत्ता में (14 अलीपुर, 7 बारा बाजार) में बनवायी। जी. डी. बिरला व पंजाब केशरी लाला लाजपतराय भी चौधरी छाज्जूराम जी के किरायेदार रहे। आपने एक महलनुमा कोठी अलखपुरा में व एक शेखपुरा (हांसी) में बनवायी। आपने हरियाणा के पांच गाँव भी खरीदे तथा भिवानी, हिसार और बवानीखेड़ा के शेखपुरा, अलीपुरा, अलखपुरा, कुम्हारों की ढाणी, कागसर, जामणी, खांडाखेड़ी व मोठ आदि गाँवों 1600 बीघा जमीन भी खरीदी। आपके पंजाब के खन्ना में रुई तथा मुगफली के तेल निकलवाने के कारखाने भी थे। उस जमाने में रोल्स–रॉयस कार केवल कुछ राजाओं के पास होती थी, लेकिन यह कार आपके बड़े बेटे सज्जन कुमार के पास भी थी।

जूट किंग बनने एक बाद तो चौधरी साहब की हर जगह धूम मची, वो जिस भी कारोबार में हाथ डालते, वही चल निकलता। लेकिन इस सफलता दरम्यान आपने जिंदगी का जातिपाती और नश्लभेद का भी दंश झेलना पड़ा। क्योंकि अनेक व्यापारी उनकी जाति के कारण उनसे दोयम दर्जे का व्यवहार करते थे। एक ब्राह्मण ने तो उन्हें अपने ढाबे पे खाना खिलाने से ही इंकार कर दिया। वे समझते थे कि व्यापार पर महाजनों का अधिकार है। एक जाट क्षत्री युवक व्यापार पर कब्जा करे, यह उनसे सहन नहीं होता था। उन्होंने चौधरी छाजूराम को असफल करने के अनेक कुचक्र रचे, लेकिन असफल रहे।

इतना बड़ा कारोबार और धन–धान्य का साम्राज्य खड़ा होने पर भी, क्या मजाल जो चौधरी साहब को घमंड छू के भी निकल सका हो। उन्होंने इस धन से जनकल्याण के काम करवाने शुरू कर दिए। उन्होंने जगह–जगह शिक्षण संस्थाएं खुलवाई, पानी के लिए कुँए और बावड़ियां खुलवाई, पथिकों और यात्रियों के लिए धर्मशालाओं आदि का निर्माण करवाया। उनका कहना था। मैं जितना दान देता हूँ, ईश्वर मुझे ब्याज सहित लौटा देता है। उनके दान की राशि और लिस्ट बहुत लम्बी है। देश की अधिकांश शिक्षण संस्थाओं को उन्होंने जहाँ जी खोलकर दान दिया, वहीं उन द्वारा बनाई गई अनेक इमारतें और भवन आज भी उनकी दानवीरता के स्तंभ बने खड़े हैं।

रहबरे–आजम चौधरी छोटूराम के वो धर्म–पिता थे। आपने रोहतक में चौ. छोटूराम के लिए नीली कोठी का निर्माण भी करवाया (याद रहे चौ. छोटूराम जी को उच्च शिक्षा का खर्च वहन करने वाले चौ. छाज्जूराम ही थे)। कहा जाता है कि अगर चौ. छाज्जूराम जी नहीं होते तो चौ. छोटूराम जी भी नहीं होते और अगर चौ. छोटूराम नहीं होते तो किसानो के पास आज भूमि नहीं होती।

सेठ छाज्जूराम की दानदक्षता उस समय भारत में अग्रणीय थी। कलकत्ता में रविंद्रनाथ टैगोर के शांति निकेतन

से लेकर लाहौर के डी. ए. वी. कॉलेज तक कोई ऐसी संस्था नहीं थी, जहाँ पर उन्होंने दान न दिया हो। सेठ साहब ने शिक्षा के लिए लाखों रूपये के दान दिए, फिर वह चाहे हिन्दू विश्वविधालय बनारस हो, गुरुकुल कांगड़ी हो, हिसार–रोहतक (हरियाणा) व संगरिया (राजस्थान) की जाट संस्थाए हों, हिसार और कलकत्ता की आर्य कन्या पाठशालाएं हों, हिसार का डी ए वी स्कूल हो अथवा अलखपुरा और खांडा खेड़ी के ग्रामीण स्कूल, हर जगह अपार दान दिया। इसके अलावा इंद्रप्रस्थ महिला महावि।ालय दिल्ली, डी ए वी कॉलेज लाहौर, शांति निकेतन, विश्व भारती में भी बार–बार दान दिए। आपने गरीब, असमर्थ व होनहार बच्चों के लिए स्कालरशिप प्लान निकाले, जिसके तहत वो सैंकड़ों बच्चों की शिक्षा स्पांसर करते थे।

सन 1928–29 के अकालों में, 1908–09 में प्लेग और 1918 के इन्फ्लुएन्जा की महामारियों में, 1914 की दामोदर घाटी की भयंकर बाढ़ में दोनों हाथों से धन लुटाकर मानवता को महाविनाश से बचाया। उन्होंने भिवानी में अनेक परोपकारी कार्य किये उन्होंने 'लेडी–हेली' नामक हस्पताल का निर्माण पांच लाख रूपये से अपनी बेटी कमला की याद में (1928) करवाय (आज उसी जगह पर आज चौ. बंसीलाल हस्पताल है)। भिवानी में उन्होंने एक अनाथालय बनवाया, यहीं पर उन्होंने एक गौशाला का निर्माण भी करवाया। अलखपुरा में उन्होंने कुए एवं धर्मशाला भी बनवाई। वे विशुद्ध आर्य समाजी थे इसलिए उन्होंने आर्य समाज मंदिर कलकत्ता के बनवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

चौधरी छाजूराम ने जाट इतिहास के विख्यात लेखक कलिका रंजन कानूनगो द्वारा 1925 में लिखे गए जाट इतिहास की खोज व लेखन का खर्च भी खुद वहन किया। जिससे उनका अपनी कौम के प्रति फर्ज, जागरूकता और दूरदर्शिता भरा प्रेम भी जाहिर होता है।

सेठ छाज्जूराम दान–दाता ही नहीं थे बल्कि वो उच्चकोटि के देशभक्त भी थे। उनकी आँखों में भी भारत की आजादी का सपना था। वो भी भारत को आजाद देखना चाहते थे। जब 17 दिसम्बर, 1928 को सरदार भगतसिंह ने अंग्रेज अधिकारी सांडर्स की गोली मारकर हत्या कर दी तो वो भाभी दुर्गा व उनके पुत्र को साथ लेकर पुलिस की आँखों में धूल झोंकते हुए रेलगाड़ी से लाहौर से कलकत्ता पहुंचे, और कलकत्ता में वे सेठ छाज्जूराम की कोठी पर पहुंचे और सेठ साहिब की धर्मपत्नी वीरांगना लक्ष्मी देवी जी ने उनका स्वागत किया। यहाँ भगत सिंह लगभग ढ़ाई महीने तक रहे, जिसकी कि उस समय कल्पना करना भी संभव नहीं था, लेकिन सेठ जी के देशप्रेम के कारण यह सम्भव हो पाया। उन्होंने देश की आजादी में सबसे भरी आर्थिक सहयोग दिया। वे कहा करते थे कि देश को आजाद करवाने में चाहे उनकी पूरी सम्पति लग जाए, लेकिन देश आजाद होना चाहिए और अपने हाथों से भोजन बनाकर खिलाया। पंडित मोतीलाल नेहरू, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी द्वारा मनोनीत कांग्रेस अध्यक्ष सीताभिपट्टाभिमैया सहित न जाने कितने ही नेताओं और क्रांतिकारियों को देश की आजादी के लिए भी चंदा दिया। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जब जर्मनी जा रहे थे तो उन्होंने भी चौधरी छाजूराम जी से आर्थिक सहायता ली थी। सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी चौधरी छाजूराम जी ने एक लम्बी लड़ाई लड़ी। बाल–विवाह व अशिक्षा के वो घोर विरोधी थे।

उनका मन कभी भी राजनीति में नहीं लगा, लेकिन फिर भी चौ. छोटूराम के कहने पर संयुक्त पंजाब में सं 1927 में एम. अल. सी. भी रहे।

चौधरी छाजूराम के बड़े पुत्र सज्जन कुमार बहुत ही होनहार व व्यवहार कुशल थे। वहीं वो चौधरी साहब का व्यापार संभालने में भी माहिर थे, लेकिन 27 सितंबर 1937 को जब उनकी अकस्मात मौत हुई तो इस हादसे ने चौधरी साहब को अंदर से तोड़ दिया। लगता था कि वो वक्त से पहले ही बूढ़े हो गए थे। और फिर 7 अप्रैल 1943 को आप महान आत्मा संसार को छोड़, भगवान के दरबार को प्रस्थान कर गए। माना जाता है कि सेठ जी और उनके पुत्र सज्जन की मृत्यु के पश्चात इतनी विशाल विरासत को कोई नहीं संभाल पाया। मृत्यु और जिस सम्मान के मरणोपरांत हकदार थे, वह उन्हें नहीं मिल पाया।

महान पुरुष, सेठो के सेठ, सर्वश्रेष्ठ दानवीर, गरीबनवाज और पतितो–उद्दारक सेठ छाज्जूराम जी के महाप्रयाण (1943) के अवसर पर दीनबंधु चौ. छोटूराम जी ने कहा था भारत का महान दानवीर, गरीबों व अनाथों का धनवान पिता, तथा मेरे धर्म पिता सेठ छाज्जूराम जी अमर होकर हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए। उनके लिए सच्ची श्रृद्धांजलि यही होगी कि हम सभी उनकी इच्छाओं, आकांक्षाओ के अनुसार दिखाए गए मार्ग पर चलते रहें। इस महान विभूति को हम सदैव याद रखेंगे। चौ. छाज्जूराम के द्वारा किये परोपकारी कार्य, उनके द्वारा बनाई गयी संस्थाएँ वैसे ही खड़ी है और उनके सपने को पूरा कर रही हैं। उनका आज के समाज में बहुमुखी योगदान है। जैसे–जैसे समय बीतता जायेगा वैसे–वैसे उनको मानवतावादी युगपुरुष के रूप में याद किया जायेगा।

# हजूर महाराज सावन सिंह

## (डेरा बाबा जैमल सिंह के जानशीन नं. 2)

– लक्ष्मण सिंह फौगाट
(मो० 6280830760)

डेरे की बुनियाद तो बाबा जैमल सिंह जी महाराज ने रखी, पर वर्तमान डेरे के निर्माता हुजूर महाराज सावन सिंह जी थे। उनके समय में डेरे ने दिन दोगुनी और रात चौगुनी उन्नति की और डेरा एक कच्ची कोठरी से विकसित होकर एक छोटी–सी सुंदर बस्ती बन गया। आज डेरा एक आदर्श कस्बा बन गया है जिस में वर्तमान की सभी सुविधाएं उपलब्ध है।

एक समय था जब पंजाब में संतों की शिक्षा तथा राधास्वामी नाम तक से कोई परिचित न था। आज हर शहर व गाँव में अनेक सत्संगी हैं। पहले लोगों को इस नाम से एतराज था, परंतु अब लोग राधास्वामी मार्ग के अनुयायी कहलाने में गर्व का अनुभव करते हैं। देहधारी गुरु की आवश्यकता को लोग अब महसूस करने लगे हैं। पढ़े–लिखे लोगों में इस रूहानी शिक्षा के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न हो गई है। हर सत्संग में करोंड़ों की संख्या में शिक्षित वर्ग, अध्यापक, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, वकील, रिटार्ड आई.ए.एस., आई.पी.एस. व जज शब्द–अभ्यास की युक्ति सीखकर बड़े शौक और प्रेम से नाम की कमाई में लग रहे हैं। रूहानियत का प्रवाह आ गया है। सत्संगियों के पवित्र जीवन, सदाचार और नेक आचरण ने लोगों के दिलों पर गहरा प्रभाव डाला है और हर जगह सत्संग व रूहानियत की चर्चा होने लगी है। संतमत के आलोचक भी अब इस बात को स्वीकार करते हैं कि सत्संगी शराब नहीं पीते, मांस नहीं खाते, रिश्वत नहीं लेते, ईमानदारी और नम्रता से जीवन बिताते हैं और किसी पशु या पक्षी को भी कष्ट नहीं पहुँचाते। यह सब हुजूर के सत्संगों तथा लंबे और श्रमपूर्ण सत्संग के दौरों का नतीजा है। हुजूर की दया–मेहर से संतमत का प्रकाश संसार के कोने–कोने में पहुँच गया है और डेरा आज विश्व में रूहानियत का एक अनुपम केंद्र बन गया है। राधा स्वामी संत्सग से आज करोंड़ों लोग जुड़े हुए है। जो भजन सिमरन करके अपना लोक–परलोक के साथ मुक्ति का रास्ता अपना रहे है। जो बाद में परमात्मा में समाने की युक्ति अपनाये हुए है।

हुजूर बचपन से ही बड़े कुशाग्र बुद्धि और परिश्रमी थे। सदा अपनी कक्षा में प्रथम रहते थे। अपने अध्यापकों का पिता के समान आदर करते। शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी के दिनों में भी आप पुराने अध्यापकों को समय–समय पर कोई न कोई भेंट भेजते रहते। आपके एक अध्यापक पंडित दौलत राम हुजूर के रिटायर होने के बाद भी डेरे में कई बार आपसे आकर मिला करते थे। हुजूर उनका बहुत आदर करते। पंडित जी बताते थे कि हुजुर ऐबटाबाद और मरी पहाड़ से हमेशा उनके लिए गर्म पट्टू के थान भेजा करते थे। पंडित जी कहते कि हम शुरू से ही कहा करते थे कि यह लड़का एक दिन बहुत बड़ा आदमी बनेगा।

पढ़ाई पूरी करने के बाद कुछ समय घर रहकर हुजूर खेती के कामकाज निगरानी करते रहे। परंतु कुछ ही दिनों बाद आपको पंजाब के सिंचाई विभाग में नौकरी मिल गई और आप रोहतक जिले में गोहाना नहर पर एक साल तक जिलेदार के पद पर कार्य करते रहे।

सरकारी नौकरी से लौटकर तंदुरुस्त होने के बाद हुजूर पंजाब पलटन नंबर 14 में भर्ती हो गए। चार–पाँच महीने की सैनिक शिक्षा के बाद कर्नल साहिब ने आपको सेना के अफसरों को पढ़ाने का कार्य दे दिया। परंतु कुछ समय बाद अंग्रेज अफसरों की सलाह पर आपथॉमसन कॉलेज रुड़की में ओवरसीयर की क्लास में पलटन की ओर से दाखलि हो गए। थॉमसन इंजीनियरिंग कॉलेज रुड़की में हुजूर हर विषय में बहुत अच्छे नंबरों से पास होते रहे।

1884 में रुड़की कॉलेज से बहुत अच्छे नंबरों से पास होकर हुजूर अपनी पलटन में वापस आ गए और आपकी बदली मिलिटरी इंजीनियरिंग सर्विस (एम. ई. एस.) में कर दी गई। अपनी नौकरी का ज्यादा हिस्सा (अर्थात् 18 वर्ष) आपने कोहमरी, ऐबटाबाद, नथियागली, चराट, काला बाग आदि पहाड़ी स्थानों में बिताया।

जहां भी कोई मुश्किल काम होता वहां हुजूर को भेज दिया जाता। मरी का वाटर वर्क्स (जल–योजना) भी हुजूर की निगरानी में ही बना था।घ्हुजूर फरमाते थे कि उस वक्त सतगुरू द्दीनदयाल की दया–मेहर के प्रति जो भाव मन में आया, वह मेरा दिल ही जानता है। रोम–रोम गुरु का शुक्रगुजार था। दिल करता था कि तन–मन उस गुरु के चरणों में वार दूँ जिसने ऐसे समय में मेरी लाज रखी और रक्षा की।

28 वर्ष बड़ी योग्यता और सफलता के साथ नौकरी करने के बाद पहली अप्रैल, सन 1911 को हुजूर रिटायर होकर डेरे आ गए।

धीरे–धीरे डेरे का कार्य बढ़ने लगा। संगत भी अपने सतगुरु के दर्शन के लिए व्याकुल होने लगी। इसलिए हुजूर अप्रैल सन 1911 में अपने समय से दो वर्ष पहले रिटायर होकर डेरे आ गए। यहाँ आते ही सत्संग, की सेवा और जिज्ञासुओं से भेंट में सारा दिन व्यस्त रहने लगे। इन सब कार्यों के बाद जितना भी समय मिलता हुजूर उसे भजन में बिताते थे।

हुजूर कभी–कभी फरमाते थे कि मैंने बाबा जी महाराज से तीन–चार वर लिए हैं। पहला तो यह था कि हुजूर के लंगर में कभी कमी न आए। हुजूर ने बाबा जी महाराज से विनती की थी, "मैंने कभी किसी से कुछ माँगा नहीं है। आपका लंगर बराबर चलता रहे और मुझे संगत से कभी यह न कहना पड़े कि आज लंगर में फलाँ चीज की जरूरत है।" इस पर बाबा जी ने फरमाया, "बच्चू ! तुम्हारे लंगर में कभी कोई कमी नहीं आएगी और लंगर कभी न खुटेगा।" और आज तक ऐसा मौका कभी नहीं आया कि लंगर में कभी कोई चीज कम पड़ी हो। हुजूर खुद लंगर के सेवादारों से फरमाया करते थे कि आप लोग संगत को लंगर में बड़ी खुशी और प्यार के साथ खिलाओ। बाबा जी का भंडार अखुट है, यहाँ कभी कोई कमी नहीं आएगी।

दूसरा वर हुजूर ने माँगा था कि अगर मैं कभी गुस्से में आकर किसी से कुछ कह भी बैठूँ तो उसका नुकसान न हो। तीसरा यह कि मेरी संतान किसी के आगे हाथ न फैलाए। एक बार हुजूर ने बातचीत के दौरान फरमाया कि मैं मालिक का शुक्रगुजार हूँ कि मेरी संतान कमाऊ और लायक है, खुद कमाकर खाती है और साध–संगत की मुत सेवा करती हैं। किसी के सामने हाथ नहीं फैलाती। चौथा वर बाबा जी ने यह दिया था कि जिसको हुजूर महाराज जी नाम बख्शेंगे उसकी पूरी पूरी सँभाल होगी।

जब हुजुर डेरे में आकर रहने लगे तो आपने दो कार्य हाथ में लिए। डेरे का विकास और संतमत का प्रचार। जैसे–जैसे संगत बढ़ने लगी, मकान बनने शुरू हो गए। डेरे के अंदर की सड़कें तैयार होने लगीं और संगत ने सेवा करके स्टेशन से वड़ाइच गाँव से कुछ आगे तक सड़क बना दी। हुजूर ने आसपास के खेत खरीदे और डेरे के विकास का सिलसिला शुरू हो गया। जितने भी मकान, सड़कों आदि का निर्माण उस समय हुआ, सब हुजूर के अपने निरीक्षण और मार्गदर्शन में हुआ। हुजूर खुद कई घंटे बैठकर अपने सामने निर्माण आदि कार्य देखते तथा संगत आपकी उपस्थिति में प्रेम के साथ सेवा करती रहती।

बाबा जी के ज्योति–जोत समाने के बाद शुरू–शुरू में जब भी हुजूर डेरे आते तो सत्संग के बाद पूरा समय भजन में बिताते। बीबी रुक्को आपके अभ्यास का हाल चाचा जी सेठ प्रताप सिंह जी को लिखती रहतीं। चाचा जी ने एक पत्र के उत्तर में बीबी रुकको को लिखा, "बाबू सावन सिंह का भजन का शौक व मेहनत, अभ्यास ऐसा कि चार–चार रोज कोठे से बाहर नहीं निकलते, यह जानकर तबीयत निहायत खुश हुई।" गदूदीनशीनी के बाद हुजूर ने कुछ समय तक नाम की बख्शिस शुरू नहीं की। अभी आपको पेंशन के हकदार बनने के लिए नौकरी के कुछ साल बाकी थे।

हुजूर महाराज सावन सिंह जी ने जो विदेशों में नाम की शुरुआत की और जो बीज बोया, वह आज फल–फूलकर एक विशाल वृक्ष का रूप ले रहा है। इसका पूरा विवरण आगे दिया जाएगा।

<u>डेरे का प्रबंध तथा हुजूर के वसीयतनामे</u>

हुजूर महाराज सावन सिंह जी, के समय में डेरे की बहुत उन्नति हुई तथा डेरे में और बाहर, सत्संग की काफी जायदाद बन गई। हुजूर दीनदयाल ने इस जायदाद तथा डेरे में सेवा में आनेवाली वस्तुओं व रकम का कभी खुद के लिए अथवा अपने परिवार के लिए प्रयोग नहीं किया। रूहानी दृष्टि से और संतमत की परंपरा के अनुसार हुजूर इस सारी संपत्ति के एकमात्र मालिक थे। परंतु उन्होंने इसे हमेशा संगत की अमानत के रूप में रखा, इसकी सँभाल की तथा इसको बढ़ाने और विकास में योगदान दिया। इतना ही नहीं बल्कि हुजूर अपनी निजी कमाई में से रुपया, सामग्री आदि बराबर सत्संग की सेवा में देते रहे तथा स्वयं अपनी सेवा द्वारा तन, मन और धन की सेवा की एक मिसाल पेश की। इन सबको व्यवस्थित तथा कानूनी रूप देने के लिए हुजूर ने समय–समय पर वसीयतें बनाई जिन्हें यहाँ दिया जा रहा है :–

79 वर्ष की आयु में महाराज जी ने 30 नवंबर, 937 को अपनी पहली वसीयत बनाई जिसे उसी दिन रजिस्टर भी करवा दिया गया। इस वसीयत में हुजूर ने अपनी निजी संपत्ति तथा रूहानी संपत्ति का विवरण दिया और अपनी निजी संपत्ति की अपनी संतान के पक्ष में वसीयत करवा दी। अपनी रूहानी संपत्ति के विषय में हुजूर ने लिखा कि इस संपत्ति का उत्तराधिकारी वह व्यक्ति होगा "जिसे मैं एक अलग वसीयत के द्वारा डेरा बाबा जैमल सिंह में अपने स्थान पर जानशीन मुकर्रर करूँगा।" इसके बाद दुसरी वसीयत में महाराज जगत सिंह को डेरे का जानशीन मुकर्रर किया था। महाराज जगत सिंह ने अपने बाद श्री चरण सिंह जी महाराज को जानशीन मुकर्रर किया था। इन्होंने भी डेरे के विकास में काफी योगदान दिया और देश–विदेशों में भी संतमत का काफी प्रचार किया और भारत के मुख्य शहरों में डेरे की तरफ से अस्पताल बनायें गये। जिनमें संगत का मुत ईलाज होता है।

महाराज चरण सिंह ने अपने बाद श्री गुरिन्द्र सिंह ढ़िल्लों को डेरे का जानशीन मुकर्रर किया था। जिन्होंने देश–विदेश में संतमत का प्रचार करते हुये सत्संग घरों का निर्माण भी करवाया। इनकी देखरेख में करोना के दौरान सत्संग घरों में हजारों बैड लगाकर सरकार को सौंप दिये थे। डेरा बाढ़ पीड़ितों तथा भूकम्प आदि से पीड़ित लोगों की मदद के लिये लाखों रुपये की धनराशि देने के साथ–साथ आवश्यक सामग्री व कपड़े आदि भी भेजता रहता है। डेरा एक इंसानियत की जिती–जागती मिशाल है।

# वो अद्वितीय आन्दोलनकारी

## 23 मार्च शहीदी दिवस पर विशेष

– सूरजभान दहिया (मो० 9818120950)

मैं 1961–62 के स्कूल शैक्षणिक सैशन में रोहतक में वैश्य हाईस्कूल में दसवी कक्षा में पढ़ता था। हमारे सामाजिक विज्ञान के अध्यापक श्री रामदित्तामल ने कक्षा के सभी छात्रों को ग्रीष्मकाल में किसी महान विभूति की एक जीवनी पढ़ने को कहा था। मैने उन छुट्टियो में शहीद भगतसिह की जीवनी पढ़ी थी। 1919 में स्वतन्त्रता सेनानिया से निपटने के लिये अंग्रेजो ने एक काला कानून लागू किया जिस 'रोलेट एक्ट' के नाम से जाना जाता है। इसी बीच पंजाब का प्रसिद्ध त्योहार 'बैसाखी' मनाने की तैयारियां शुरू होगई। अमृतसर में लोग इस त्योहार को बड़े उत्साह और उमंग से मनाते हैं। इसदिन पजाब के लोग उस उत्सव को मनाने के साथ 'रोलेट एक्ट' का विरोध करने में जुटे थे। ब्रिटिश सरकार ने इसे संगठित विद्रोह की संज्ञा देकर जलियावाला बाग में बौसाखी उत्सव में जुटी भीड को गोलियों से भून दिया। यह 13 अप्रैल 1919 का दिनथा।

भगतसिंह उस समय डी०ए०वी० हाईस्कूल लाहौर में पढ़ रहे थे। वह अमश्तसर में आकर जलियावाला बाग से लहू से रंगी हुई मिट्टी ले आये। भगतसिहं रोजाना इस शहीदी मिट्टी पर फूलचढ़ाकर बलिदानियों को स्कूल जाने से पहले अपनी श्रद्धाजंलि देते थे। उनके अन्दर देशभक्ति की भावना इतनी बलवती हो चुकी थी कि उन्होंने भारतमाता की आजादी हेतू भारत के नौजवानों के माध्यम से एक युवा आन्दोलन खडा करदिया। इस आन्दोलन में अनेक युवाओ ने अपने प्राणोकी आहूतिया दी। भगतसिंह ने स्वयं मात्र 23 वर्ष का आयु में आजादी के लिये अपना जीवन देश के लिये कुर्बान किया था। आजादी के लिये कुर्बान युवा मतवालो के लिए देश में 23 मार्च को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व के इतिहास में युवा आन्दोलन का और कहीं भी उल्लेख नहीं मिलता। इन शहीदों को हमारा अन्तः करण से नमन !

मेरे जीवन में 'बैसाखी पर्व' तथा 'बसन्त पंचमी त्योहार' बडे प्रेरेक रहे हैं। फरवरी 1962 की बसन्त पंचमी पर मैने पहली बार छोटूराम पार्क रोहतक में एक जलसे में शामिल होने का अवसर मिला। यहां बसन्तपंचमी समारोह छोटूराम जयंती के रूप में हर वर्ष बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है तथा भिन्न–भिन्न राजनैतिक पार्टियों को राजनैतिक हस्तियों तथा प्रसिद्ध समाज सेवी यहां दीन बन्धु छोटूराम को श्रृंद्धाजलि देते हैं।

चौ० छोटूराम के दिल में गरीब किसान के लिए बेहद साहनुभूति थी। वस्तुतः वे मार्क्स के अनुयायी भले ही न रहे हो, पर बचपन में गरीबी के थपेड खाए हुए, इकबाल के इसमहान प्रशसक ने गरीबो की, चाहे किसी जाति, धर्म या वर्ग का क्यों न हो, जीवन पर्यन्त जबरदस्त वकालत की है। छोटूराम जी इसे'दैवी आदेश' मानते थे। क्यो ? इसकाउत्तर इकबाल की 'लेनिन खुदरा के हजूर मे' नाम की एक कविता के इस अशं से मिलता है जोकि चौ० छोटूराम को अत्यन्त बेहद छू गई थी, इकबाल लेनिन को खुदाके पास भेजकर कहलवाता हैः–

"मशरिक के खुदावन्द सफीदाने फिरंगी।
